मनमानी | प्राइवेट स्कूलों की मनमानियों पर अंकुश लगाने की जरूरत

# अविभावकों से वसूलते हैं मनमानी राशि

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा** उत्कृष्ट शिक्षा की आड़ में कमाई का जरिया बन बैठी प्राइवेट स्कूलों की मनमानियों पर अंकुश लगाने की मांग क्षेत्रीय अविभावकों द्वारा की गई है। विगत एक अप्रेल से सरकारी स्कूलों के साथ प्राइवेट स्कूल भी खुल गये हैं। छात्रों को पुस्तकों को सबसे बड़ी विसंगति पूर्ण स्तिथि यहां पर यह देखने को मिलती हैं कि प्राइवेट स्कूल निजी प्रकाशनों की जो भी बुक्स चलाते हैं वह काफी मंहगी हुआ करतीं हैं और खुले मार्केट में मिलने की बजाय केवल स्कूलों में ही रखतें हैं। जिसमें प्रकाशनों की सांठगांठ से मोटी कमाई किया करते हैं ।यही स्थिति स्कूल ड्रेस में बनी हुई है ।हर साल ड्रेस और बुक्स बदलना संचालकों की आदतों में आ गया है ।हर साल एडमिशन फीस लेने के साथ पढ़ाई शुल्क भी बढ़ता चला जा रहा है। जबकि शिक्षकों को दैनिक मजदूरी से भी कम राशि मानदेय के रुप में मुहैया कराई जाती है। कुछ ऐसी भी संस्थायें है जो निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं कर पाने के कारण उनकी संस्थाओं में ताला डलने की नौबत आ गई लेकिन इन स्कूलों में पूर्व से अध्ययनरत छात्रों को दूसरी कक्षाओं में प्रवेश लेने में परेशानी आ रही है।



### गैस किट वाले वाहनों पर नहीं लगा विराम

तेंदूखेड़ा क्षेत्र में संचालित प्राइवेट स्कूलों में छात्रों को लाने ले जाने में गैस किट वाले वाहनों को लगाकर रखा गया है। जिनमें क्षमता से अधिक बच्चों को भरकर ले जाते हैं। विगत वर्ष घटित विभिन्न घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए छापामार शैली में परिवहन अधिकारियों द्वारा दबिश दी गई थी अधिकांशत बाहनों पर जुर्माना के साथ नियमानुसार गैस किट रहित बाहनों के संचालन की हिदायतें दी गई थी कुछ स्कूलों में तो सुधार हो गया था लेकिन कुछ स्कूलों और मारुति बैन संचालकों की मनमानी अभी हाबी है जो प्रभावशाली वर्ग की धौंस देकर नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया करतें हैं ।इस वर्ष ऐसे वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की मांग क्षेत्रीय अविभावकों द्वारा की गई है।

### इनका कहना है

स्कूलों के संचालकों को नोटिस भेजकर और बाहनों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई समय समय पर की जाती रहती है और यदि किसी भी प्रकार का वाहन नियम विरुद्ध चलाते पाया जायेगा तो उस पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।

**-श्रीमति ममता तिवारी,** यातायात निरीक्षक

स्कूलों में यदि संचालकों की मनमानी पुस्तकों या शुल्क को लेकर सामने आयेगी अविभावकों द्वारा शिकायतें आयेंगी तो निश्चित तौर पर निष्पक्ष रुप से जांच कर संचालकों पर दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी ।

**पंचम सिंह मरावी**, ब्लाक शिक्षा अधिकारी

## लगातार अघोषित बिजली कटौती से परेशान नागरिक

**नवभारत/ गाडरवारा। चीचली।** लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान नागरिकों का गुस्सा आखिरकार सड़कों पर फूट पड़ा। भीषण गर्मी के बीच घंटों बिजली बंद रहने से त्रस्त ग्रामीणों और नगरवासियों ने आज बिजली कार्यालय चीचली पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में लंबे समय से बिना सूचना के बिजली कटौती की जा रही है, जिससे आमजन, किसान और व्यापारी सभी वर्ग प्रभावित हो रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बिजली की अनियमित सप्लाई के कारण सिंचाई कार्य बाधित हो रहा है, जिससे फसलों पर भी असर पड़ रहा है। बार-बार बिजली जाने से व्यापार ठप हो रहा है और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली कटौती की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया।

# अस्पताल परिसर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**नवभारत/गोटेगांव।** गोटेगांव अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) संघमित्रा गौतम ने हाल ही में शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस अचानक हुई कार्रवाई से अस्पताल प्रबंधन और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की बदहाल स्थिति, चारों ओर फैली गंदगी और नियमों की अनदेखी देख एसडीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त की द्व अस्पताल परिसर में निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पाया कि जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है और अस्पताल की भूमि पर कई स्थानों पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है। जनस्वास्थ्य से जुड़े संस्थान में इस तरह की लापरवाही को गंभीर मानते हुए उन्होंने तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित करने और अतिक्रमण हटाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ और परिसर की स्वच्छता में कोताही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परिसर में अवैध रूप से खड़ी प्राइवेट एंबुलेंस को देखकर एसडीएम का पारा चढ़ गया।



उन्होंने 108 एंबुलेंस के संचालकों और ड्राइवरों को सख्त हिदायत दी कि वे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं और अस्पताल की व्यवस्थाओं में बाधक न बनें। एसडीएम ने कड़े लहजे में कहा कि सरकारी अस्पताल परिसर को निजी वाहनों का स्टैंड नहीं बनने दिया जाएगा और बिना अनुमति के वाहनों का जमावड़ा होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के अंत में एसडीएम ने ब्लाक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) डा. एस. एस. धुर्वे को व्यवस्थाओं में सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि मरीजों की सुविधा और अस्पताल की गरिमा बनाए रखना साथ ही शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर मिल सके प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में दोबारा इस प्रकार की लापरवाही या अव्यवस्था पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

पुस्तकों के बोझ तले दबे शिक्षक

# वितरण केंद्र पर बीआरसी करा रहे हम्माली डीपीसी के दावों ने खोली व्यवस्था की पोल

**गोटेगांव।** शासकीय स्कूलों में पुस्तक वितरण की अव्यवस्था अब शिक्षकों के स्वाभिमान पर भारी पड़ रही है। गोटेगांव के शासकीय महाजनी स्कूल बैलहाई को वितरण केंद्र बनाया गया है, जहाँ अव्यवस्था का आलम यह है कि ग्रामीण अंचलों से आने वाले शिक्षकों को खुद ही हम्माल बनकर पुस्तकों के भारी-भरकम बंडल उठाने और बांधने पड़ रहे हैं। इस मामले में बीआरसी और डीपीसी के परस्पर विरोधी बयानों ने भ्रष्टाचार की आशंका को जन्म दे दिया है।

### बीआरसी और डीपीसी के बयानों में फंसा हम्माली का बजट

पुस्तक वितरण के लिए निर्धारित हम्माली राशि को लेकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के बयानों में बड़ा विरोधाभास सामने आया है।



बीआरसी सिद्धार्थ बागडे का स्पष्ट कहना है कि उनके पास मजदूरी के लिए किसी प्रकार की कोई राशि प्राप्त नहीं होती है, इसलिए शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को ही इस कार्य में लगाया गया है। इसके विपरीत, डीपीसी मनीष चौकसे का कहना है कि सरकारी पुस्तक वितरण कार्य के लिए हम्माली की राशि प्रदान की जाती है। अब सवाल यह उठता है कि यदि डीपीसी कार्यालय से राशि जारी हो रही है, तो वह बीआरसी तक क्यों नहीं पहुँच रही या फिर क्या इस राशि का बंदरबांट किया जा रहा है

### शिक्षण कार्य छोड़कर शिक्षक ढो रहे पुस्तकें

वितरण केंद्र पर सोमवार को जो नजारा दिखा, वह सरकारी दावों की पोल खोलने के लिए काफी था। बड़ेयाखड़ा और बुधगांव जैसे दूरदराज के क्षेत्रों से आए शिक्षक कमरों के अंदर पुस्तकें छांटने और उनके भारी बंडल तैयार करने में जुटे थे। नियमों के मुताबिक, इन पुस्तकों को व्यवस्थित तरीके से स्कूलों तक पहुँचाने की जिम्मेदारी केंद्र प्रभारी की है, लेकिन यहाँ शिक्षक खुद ही पसीना बहाते नजर आए। बंडल तैयार न होने के कारण कई स्कूलों की पुस्तकें अब भी केंद्रों पर ही धूल खा रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ाई शुरू होने में देरी हो रही है।

### मिलीभगत और लापरवाही का शिकार वितरण प्रणाली

इस पूरी अव्यवस्था के पीछे बीईओ गोटेगांव, पुस्तक वितरण प्रभारी, जनशिक्षक और ब्लॉक अकादमिक समन्वयकों की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें मजबूरन यह कार्य करना पड़ रहा है क्योंकि पुस्तकें तो अंततः उन्हें ही ले जानी हैं। चर्चा है कि जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के कारण हम्माली के बजट को खुर्द-बुर्द किया जा रहा है और शिक्षकों को मजदूरी करने पर मजबूर किया जा रहा है। अब देखना यह होगा कि इस विरोधाभास और अव्यवस्था पर जिला प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।

# हनुमान मंदिर चोरी का जायजा लेने पहुंचे जिला पुलिस अधीक्षक

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों नगर के मध्य स्थित श्रीराम रसिया हनुमान मंदिर दादा दरबार में हुई चोरी का जायजा लेने स्वयं जिला पुलिस अधीक्षक डा ऋषिकेश मीणा पहुंचे और उन्होंने भरोसा दिलाया है कि शीघ्र ही चोरों को पकड़ लिया जायेगा अलग-अलग टीमें तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पतासाजी में जुटी हुई हैं। हनुमान मंदिर के उपरांत मंडी रोड स्थित श्री सुब्रतनाथ भगवान नवीन दिगम्बर जैन मंदिर में भी जाकर वहां का भी मुआयना किया। और जहां जहां चोरों ने ताले तोड़ने के प्रयास किए वस्तुस्थिति को देखा और अपने अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब रहे कि श्री हनुमान मंदिर से चोर दो चांदी के छत्र एवं एक मुकुट कुछ नगदी राशि ले गये हैं साथ ही जैन मंदिर में भी ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके वहां से भाग निकले उसके बाद हनुमान मंदिर में चोरी करने में सफल हो



गए ।घटना के बाद से ही पुलिस पूरी तत्परता से साक्ष्यों साइबर सेल फिंगरप्रिंट अन्य तकनीकी माध्यम से चोरों तक पहुंचने में जुटी हुई है।

### सीसीटीवी कैमरे लगाने पर जोर

हनुमान मंदिर में श्री राम रसिया भक्त मंडल तथा दिगम्बर जैन समाज के लोगों से चर्चा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा को लेकर छोटे छोटे पहलुओं प्रयासों में सजग रहने के साथ नगर के मुख्य सड़क मार्गों प्रतिष्ठित देव स्थलों व्यापारिक प्रतिष्ठानों में गुणवत्ता युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने पर बल दिया ।यह तीसरी आंख ऐसे समय में काफी मददगार साबित होती है। तथा बाहर से आने वाले हर अजनबी व्यक्तियों पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखने की बात रखते हुए पुलिस को जानकारी देने को कहा।

## स्वच्छता अभियान के तहत नालियों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई


**नवभारत/गोटेगांव।** तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत श्रीनगर में इन दिनों सघन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। समग्र स्वच्छता अभियान के तहत पंचायत द्वारा पूरे ग्राम क्षेत्र की नालियों और सार्वजनिक स्थलों की व्यापक स्तर पर साफ-सफाई की जा रही है। काफी समय से जमा कचरे और गंदगी को हटाने के लिए पंचायत अमला तल्लीनता से जुटा हुआ है। इस सफाई अभियान में ग्राम सरपंच प्रेमलाल मेहरा, सचिव रीझन सेन और सहायक सचिव प्रदीप यादव सहित समस्त पंचायत सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। ग्राम पंचायत की इस पहल में स्थानीय ग्रामीणों का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। लंबे समय बाद गांव के सार्वजनिक स्थानों और गलियों की इस तरह व्यवस्थित सफाई होने पर ग्राम वासियों ने पंचायत की इस कार्यप्रणाली की सराहना की है।

## एक नजर में



### सामूहिक जाप के साथ मनाया गया विश्व नवकार महामंत्र दिवस

**नवभारत/गोटेगांव।** स्थानीय विद्या भवन में आर्यिका मां 105 भावना मति माताजी ससंघ के सानिध्य में विश्व नवकार महामंत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोटेगांव की सकल दिगंबर एवं श्वेतांबर जैन समाज ने एकजुट होकर सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र का जाप किया। यह कार्यक्रम जैन धर्म के अनादि मंत्र की महिमा को जन-जन तक पहुंचाने और विश्व शांति के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। आर्यिका मां भावना मति माताजी ने मंत्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महामंत्र 84 लाख मंत्रों का मूल है। श्रद्धापूर्वक इसके जाप से संसार के हर संकट का समाधान संभव है और यह जीव के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उल्लेखीय है कि 9 अप्रैल को वैश्विक स्तर पर यह दिवस मनाया जाता है, जिसमें जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) के नेतृत्व में विश्व के 108 देशों सहित देशभर में लाखों श्रद्धालुओं ने एक ही समय पर मंत्रोच्चार कर विश्व कल्याण की कामना की। विद्या भवन में आयोजित इस सामूहिक जाप में जैन समाज के श्रावक-श्राविकाओं सहित बच्चों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारा और अहिंसा का संदेश फैलाना रहा। इस पुनीत अवसर पर विधायक महेंद्र नागेश सहित विभिन्न समाज के श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया और समस्त जीवों के कल्याण की प्रार्थना की।



### श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान की धूम दूर-दूर से पहुंच रहे श्रद्धालु

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** इन दिनों समीपी ग्राम डोभी में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन चल रहा है ।जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय और क्षेत्रीय सकल दिगम्बर जैन समाज के साथ सभी वर्गों के लोग दर्शन करने पहुंच रहें हैं। दिगम्बर जैन समाज डोभी के सभी स्वजातीय श्री जी की अराधना में लीन हैं। प्रतिदिन अभिषेक शांति धारा पूजन एवं अर्ध समर्पित किए जा रहे हैं। रात्रि में मंदिर जी में महा आरती और ब्रह्मचारी नरेश भैया के प्रवचन चल रहे हैं ।बाहर से आई संगीत मंडली द्वारा संगीत मय महाआरती में श्रद्धालु झूमने मजबूर हो जाते हैं। रात्रि में ही मैना सुंदरी का नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जैन समाज के साथ सभी वर्गों के लोग इस आयोजन में पहुंच कर धर्म लाभ ले रहे है। इस आयोजन में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ सिहोरा तेंदूखेड़ा राजमार्ग एवं आस पास क्षेत्रों की जैन समाज सम्मिलित हो कर धर्म लाभ ले रही है।

# एनटीपीसी गाडरवारा में फ्लाई एश वाहनों की जांच, कई पर कार्रवाई



**नवभारत/ गाडरवारा।** कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में बुधवार को जिला परिवहन अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा एनटीपीसी गाडरवारा में संचालित फ्लाई एश परिवहन वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान कुल 4 वाहन असुरक्षित तरीके से फ्लाई एश का परिवहन करते हुए पाए गए, जिन पर मौके पर ही 17,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं एक बस (क्रमांक MP 20 PA 0797) बिना परमिट के संचालित होती पाई गई, जिस पर 25,600 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार सभी वाहनों पर कुल 42,600 रुपये का जुर्माना वसूला गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की जांच और कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि परिवहन नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके। ऐसी ही जांच निरंतर जारी रही तो दुर्घटनाओं में कमी आ सकेगी।

## 5 .40 लाख की स्मैक के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**नवभारत/गाडरवारा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत थाना गाडरवारा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में 2 स्मैक तस्करों को गिरफ्तार कर कुल 54.1 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (स्मैक) जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 40 हजार बताई जा रही है।



### पहली कार्रवाई

दिनांक 07 अप्रैल 2026, शाम करीब 4 बजे डमरू घाटी के पास केंकरा रोड पर पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे आरोपी- बाबूलाल कौरव (54 वर्ष) निवासी ग्राम बरहटा, थाना गाडरवारा के कब्जे से 39 ग्राम स्मैक (कीमत ड़3.90 लाख) बरामद की गई।

### दूसरी कार्रवाई

उसी दिन रात करीब 11:30 बजे, इमलिया मरघटा के पास वीरेन्द्र भाट (36 वर्ष) निवासी ग्राम कौड़िया, थाना गाडरवारा के पास से 15.1 ग्राम स्मैक (कीमत ड़1.50 लाख) जब्त की गई। पूछताछ में खुलासा पूछताछ के दौरान आरोपी बाबूलाल कौरव ने बताया कि वह स्मैक खिलचीपुर से लाया था। पुलिस अब इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना गाडरवारा में NDPS एक्ट की धाराओं के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर विवेचना जारी है।

## गाडरवारा स्टेशन पर मधुमक्खियों का हमला

### एक दर्जन यात्री घायल

**नरसिंहपुर।** जिले के गाडरवारा रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों पर हमला कर दिया। यह घटना उस समय हुई जब इंटरसिटी एक्सप्रेस के आगमन के चलते प्लेटफॉर्म पर भारी भीड़ मौजूद थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही ट्रेन आने वाली थी, उसी दौरान बड़ी संख्या में मधुमक्खियां प्लेटफॉर्म पर फैल गई और यात्रियों को निशाना बनाने लगीं। अचानक हुए इस हमले से लोगों में डर और घबराहट फैल गई। कई यात्री अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए, जिससे भगदड़ जैसे हालात बन गए।

### पानी की टंकी पर थे छत्ते

जानकारी के मुताबिक, स्टेशन परिसर में बनी पानी की टंकी पर काफी समय से मधुमक्खियों के छत्ते लगे हुए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन छत्तों को हटाने की मांग पहले भी कई बार की गई थी, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। माना जा रहा है कि किसी कारणवश मधुमक्खियां अचानक छत्तों से बाहर



निकल आई और प्लेटफॉर्म पर हमला कर दिया।

### सिविल अस्पताल में इलाज जारी

इस घटना में करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए। रेलवे कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 को तुरंत खाली कराया और घायलों को गाडरवारा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में सभी घायलों का उपचार जारी है। कुछ यात्रियों पर एक साथ कई मधुमक्खियों ने हमला किया, जिससे वे बुरी तरह घबरा गए। घटना के बाद कुछ समय तक स्टेशन पर यातायात भी प्रभावित रहा और कई यात्रियों ने अपनी यात्रा स्थगित कर दी।

# राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत/गोटेगांव।** नगर के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दिव्य भवन में विगत दिवस परम पूज्या राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी की पुण्य स्मृति पर पत्रकार सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम श्रद्धा और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। यह आयोजन दादी जी के 101 वर्ष के गौरवशाली जीवन और उनकी पावन स्मृति को समर्पित रहा द्व कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्माकुमारी मीना बहन और प्रीति बहन एवं उपस्थित पत्रकार बंधुओं द्वारा दादी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित कर शुभारंभ किया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य दादी के आदर्शों को याद करना और समाज सेवा के मार्ग पर चलने वालों का उत्साहवर्धन करना रहा। संस्थान द्वारा समाज निर्माण में निस्वार्थ योगदान देने वाले सभी पत्रकार बंधुओं की सराहना करते हुए ब्रह्माकुमारी मीना बहन एवं प्रीति



बहन ने क्षेत्र के पत्रकारों को तिलक लगाकर, गमछा ओड़ाकर और स्मृति चिन्ह, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। वहीं मीना बहन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज निर्माण में मीडिया की सकारात्मक बदलाव लाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं और वे मूल्यों पर आधारित पत्रकारिता के माध्यम से समाज में नई जागृति लाने का प्रयास करते हैं उनका यह निस्वार्थ योगदान अमूल्य है। ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह ने समाज के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए सभी को एकता और शांति का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों और सहभागी जनों के लिए प्रसाद (भोजन) की व्यवस्था की गई। पूरा आयोजन अत्यंत शांतिपूर्ण और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक, संस्थान के समर्पित सेवाधारी सभी बहनों भाइयों और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद करेली, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)

(Main Road, kareli Phone: 07793-270046 Email: cmokareli@mpurban.gov.in)

पत्र क्रं. 794/ ई-टेण्डर/ 2026-27 — निविदा सूचना — करेली, दिनांकः- 10/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| स. क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_498743_1 10.04.2026 | नरसिंह वार्ड में चौधरी शिक्षिका के सकान से बालाजी नगर मेन रोड तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 03 माह 694333.00 | 2000.00 6950,00 | 29/04/2026 |
| 2. | 2026_UAD_498744_1 10.04.2026 | जल गंगा संवर्धन योजना अंतर्गत हेण्डपंप प्लेटफॉर्म एवं सोकपिट निर्माण तथा शासकीय कार्यालय भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य। | 04 माह 846013.00 | 2000.00 8460.00 | 29/04/2026 |
| 3. | 2026_UAD_498745_1 10.04.2026 | निकाय अंतर्गत 15 वार्डो में विद्युत पोल शिफ्टिंग कार्य। | 03 माह 626373.00 | 5000.00 6270.00 | 29/04/2026 |
| 4. | 2026_UAD_498746_1 10.04.2026 | महेन्द्र वार्ड में शिवम दुबे से सतीश विश्वकर्मा तक पेवर ब्लॉक लगाने एवं नाली निर्माण कार्य।(द्वितीय आमंत्रण) | 03 माह 940238.00 | 2000.00 9410.00 | 29/04/2026 |
| 5. | 2026_UAD_498747_1 10.04.2026 | लक्ष्मीनारायण वार्ड में शील दुबे से सुहाने जी के मकान से होते हुए जीतू जैन के मकान तक नाली मरम्मत एवं प्रीकास्ट रखने का कार्य।(द्वितीय आमंत्रण) | 01 माह 185930.00 | 1000.00 3720.00 | 29/04/2026 |
| 6. | 2026_UAD_499252_1 10.04.2026 | गणेश वार्ड में बब्लू भाई जान के मकान से ब्रम्हानंद के मकान तक सी सी सडक एवं नाली निर्माण कार्य।(द्वितीय आमंत्रण) | 03 माह 545513.00 | 2000.00 5460.00 | 29/04/2026 |
| 7. | 2026_UAD_499252_1 10.04.2026 | लक्ष्मीनारायण वार्ड में भोले चौरसिया से जगदीश पेंटर के मकान तक सी. सी. रोड निर्माण एवं सुनील राजपूत के सामने नाला कवर करने का कार्य।(द्वितीय आमंत्रण) | 01 माह 116053.00 | 1000.00 2320.00 | 29/04/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद करेली